हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 10 जून 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री


12 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच


13 हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने करें सार्थक...




## 10वीं, 12वीं व स्नातक पास विद्यार्थियों के लिए फायर एवं इंडस्ट्रियल सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.


### खबर संक्षेप



## मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को सौपा मांगपत्र

**जगदलपुर।** एनएसयूआई के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम मांगपत्र अपर कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में युक्तियुक्तकरण, शिक्षक भर्ती में वादा खिलाफी, आत्मानंद विद्यालयों को बजट से वंचित करने, शासकीय विद्यालयों को विद्युत बिल नोटिस भेजने तथा सीटीईटी परीक्षा परिणाम में विलंब जैसे मुद्दों को लेकर कार्रवाई की मांग की गई है। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अदित्य सिंह बिसेन ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा 10464 शासकीय विद्यालयों को बंद करने और 35000 शिक्षकों की नौकरियों को खत्म करने का प्रस्ताव शिक्षाविरोधी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष विशाल खम्बारी, महासचिव मनोहर सेठीया, प्रदेश सचिव शेक अयाज, आदर्श नायक, पार्षद लोकेश चौधरी, विश्वविद्यालय अध्यक्ष पंकज केवट, युवा नेता फैसल नेवी, ब्लॉक अध्यक्ष कर्त्तव्य आचार्य, महाविद्यालय अध्यक्ष कुनाल पटेल,जिला महासचिव दीपेश पांडे, रेहान रिजवी उपस्थित थे।

### प्रेसवार्ता : पीएमश्री और सेजेस शालाओं को बाहर रखा गया

# बस्तर जिले में लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के केवल 2 स्कूल हुए बंद : जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर जिले में प्राथमिक से लेकर हायर सेकंडरी स्कूल तक शालाओं की व्यवस्था युक्तियुक्तकरण के तहत पूरी कर ली गई है। एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन शालाओं को अतिशेष शिक्षको के माध्यम से पूर्ति करने का प्रयास किया गया है।

पीएमश्री और सेजेस शालाओं को बाहर रखा गया है वही परिवीक्षाधीन शिक्षकों को अतिशेष नहीं माना गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 राज्य में लागू हो चुकी है इसके तहत यह व्यवस्था चल रही है। प्रभारी कलेक्टर प्रतिक जैन ने सोमवार को कलेक्टोरेट में पत्रवार्ता में यह बात कही । उन्होंने कहा कि बस्तर जिलें के लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के 2 शालाये बड़े धाराउर का मारीगुड़ा और सीलकझोड़ी केवल 2 स्कूल ही बंद हुए है। अतिशेष शिक्षकों का एक तरह से डिस्ट्रीब्यूशन हुआ है इसे शिक्षकों का तबादला नही कह सकते तबादला की प्रकिया हर ▶▶ शेष पेज 12 पर

- प्रभारी कलेक्टर ने प्रत्रवार्ता में दी युक्तियुक्तकरण की प्राथमिक से लेकर हायर सेकंडरी तक की शालाओं की जानकारी



### अतिशेष की गणना 2008 सेटअप अनुसार नहीं

*प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि अतिशेष को लेकर पूरे प्रदेश में तरह तरह की बातें कही जा रही है। असल में अतिशेष की गणना 2008 के सेटअप के अनुसार नहीं की गई है। इसमें परिवीक्षा वाले शिक्षकों को अतिशेष नही माना गया है। इसलिए नियमित शिक्षक अतिशेष हो गये हैं, इस कारण उन्हें अन्यत्र जाना पड़ा है।*

### समस्या पूरी तरह नहीं होगी खत्म

प्रतिक जैन ने बताया कि शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय शालाओं को कम करने के लिए अतिशेष शिक्षकों का पदांकन किया गया है । पूरे जिले में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या और शिक्षकों की संख्या पहले की तरह है। इसलिए शिक्षकों की भर्ती जब होगी तब समस्या दूर होगी अभी यह कहना कि शैक्षणिक व्यवस्था पूरी तरह सुचारू हो जायेगी यह सही नहीं है। अभी जिला स्तर पर काउंसलिंग हुई है आगे संभागीय बैठक में जिले के बाहर पदांकन किया जाना है।

### सभी ब्लाक में त्रुटि रही जगदलपुर में ज्यादा

प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि अतिशेष की गणना के दौरान जिले के सभी ब्लाक में त्रुटि सामने आई है लेकिन जगदलपुर में अधिक रही। इसलिए कार्रवाई की गई । फिर भी जहां से भी स्कूलों में विसंगति की शिकायत आयी उसका निराकरण किया गया है। बकावंड ब्लाक के एक मामले का ध्यान दिलाने पर प्रतिक जैन ने कहा कि इसे अलग से पुनः देख लेगें।

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लगातार विकास की बह रही बयार : देव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

विधानसभा क्षेत्र में आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव व सांसद महेश कश्यप ने बुरूंदवाड़ासेमरा एवं करनपुर में लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें बुरूंदवाड़ासेमरा में सीसी सड़क निर्माण 700 मीटर लागत 19.15 लाख रुपए, सीसी सडक 100 मीटर लागत 3.17लाख रुपए, किचन शेड निर्माण लागत 14.33 लाख रुपए, शापिंग काम्प्लेक्स निर्माण 9.05 लाख रुपए एवं करनपुर क्षेत्र में सीसी सड़क निर्माण 240 मीटर लागत 7.78 लाख रुपए एवं सीसी सड़क निर्माण 600 मीटर लागत 19.50 लाख रुपए सभी कार्यों का कुल लागत 73.43 लाख शामिल है। विधायक किरण देव ने कहा कि हमारी सरकार के बनने के बाद प्रदेश में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप कार्य हो रहे हैं, जनता को मूलभूत सुविधाएं देना हमारा दायित्व है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लगातार विकास की बयार बह रही है। क्षेत्र के जनमानस ने वर्षों से मांग रखा था। क्षेत्र की जनता की मांग के अनुरूप आज सीसी सड़क निर्माण, नाली ,किचन शेड़, शापिंग काम्प्लेक्स व अन्य निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। सड़क,नाली,पेयजल, शिक्षा, विधुत व अन्य सुविधाओं को पूरा करने का कार्य कर रहे हैं। सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता ▶▶ शेष पेज 12 पर

- विधायक एवं सांसद ने लाखों के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

## जूनापानी में पेयजल व्यवस्था पर्याप्त जलस्रोतों का किया गया शुद्धिकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जिले के दरभा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जूनापानी में पेयजल व्यवस्था पर्याप्त है। यहां के सभी जल स्रोतों का ब्लीचिंग पाउडर एवं लिक्विड क्लोरीन के माध्यम से जल शुद्धिकरण किया गया है। साथ ही ग्रामीणों को साफ पानी का उपयोग, गर्म एवं ताजा भोजन का सेवन करने सहित स्वच्छता एवं साफ-सफाई के प्रति सजगता बरतने की समझाइश दी गई है। उक्त जानकारी देते हुए कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एचएस मरकाम ने बताया कि जिले के विकासखण्ड दरभा अंतर्गत जूनापानी में कुल 20 घर हैं और दो हैंडपंप कार्यरत स्थिति में हैं। इन दोनों हैंडपंप से ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है। विभाग द्वारा समय-समय पर जल की जांच जिला जल प्रशिक्षण प्रयोगशाला जगदलपुर में किया गया और प्रत्येक बार बोरिंग का जल शुद्ध पाया गया। उन्होंने बताया कि जूनापानी में उल्टी-दस्त की शिकायत के पश्चात विभाग द्वारा पुनः जल की जांच करवाई गई जिसमें जल को शुद्ध पाया गया है। इस गांव के दो कुंओं को ▶▶ शेष पेज 12 पर

- ग्रामीणों को साफ पानी का उपयोग एवं स्वच्छता के प्रति सजगता बरतने की दी गई समझाइश



### व्यवस्था बनाई जा रही

उन्होंने बताया कि उक्त गांव में जल जीवन मिशन द्वारा हर घर शुद्ध पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है, पाईप लाईन बिछाई जा चुकी है । 55 केएल क्षमता की टंकी तैयार है, प्रत्येक घर में स्टैंड पोस्ट बन चुका है। शीघ्र ही विद्युत कनेक्शन के पश्चात तत्काल प्रत्येक घर में नल से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

## छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना बहुत आवश्यक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नशामुक्ति अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टोरेट के आस्था सभागार में आयोजित उक्त बैठक में अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित एसडीएम भरत कौशिक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक तथा पुलिस, स्कूल शिक्षा, समाज कल्याण विभाग और टास्क फोर्स से संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। अपर कलेक्टर ने कहा कि नशा न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि समाज और परिवार के लिए भी घातक है। उन्होंने सभी विभागों को नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। इस दिशा में विशेष रूप से विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने हेतु कार्यशाला आयोजित करने, गांव-गांव में जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जनजागरण करने तथा नशा करने वालों के पुनर्वास हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में अवैध शराब और मादक पदार्थों की बिक्री पर कठोरता ▶▶ शेष पेज 12 पर

- नशामुक्ति अभियान के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की हुई बैठक





## निःशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर

हम आपको सुनने में मदद करने के लिए यहां हैं

दिनांक: 11 जून से 15 जून
समय: बुधवार से शनिवार ( प्रातः 10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक)
रविवार: प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक

- श्रवण यंत्र पर भारी छूट
- कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
- स्पीच थेरेपी

Google Rating | PHILIPS Authorized dealer | 9659 455 455

**अंबिकापुर** — मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)

**भिलाई** — शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)

**बिलासपुर** — शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)

**बैरन बाजार (रायपुर)** — विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492007)

**धमतरी** — डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)

**जगदलपुर** — बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, धरमपुरा, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ (494001)

**कोरबा** — मकान संख्या 52 ए, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी, कोरबा (495677)

**कचहरी चौक (रायपुर)** — शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)

**शंकर नगर (रायपुर)** — प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)

**सारंगढ़** — डॉ अनूप अग्रवाल,माँ दुर्गा क्लिनिक,अग्रसेन चौक, पोस्ट ऑफिस के पास, दुर्गा लॉज के नीचे, (496445)

**श्रीनगर, (रायपुर)** — डॉ ओ पी लेखवानी,शुभम् हॉस्पिटल,संध्या पेट्रोल पम्प के पास , गुढ़ियारी रोड , श्रीनगर, रायपुर (492009)

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडु | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

Khanna



## सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. विद्यालय

(श्री वेदमाता गायत्री शिक्षण समिति) छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मान्यता प्राप्त
कंगोली, जगदलपुर, पिनकोड - 494005 , दूरभाष-07782229484

श्री वेदमाता गायत्री शिक्षण समिति कंगोली जगदलपुर, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंगोली जगदलपुर, निम्नलिखित पदो की भर्ती हेतु आवश्यकता है:-

| क्र. | विषय | पद | रिक्त पद | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गणित | व्याख्याता | 3 | 12000+अन्य |
| 2 | रसायन | व्याख्याता | 2 | 12000+अन्य |
| 3 | भौतिकी | व्याख्याता | 3 | 12000+अन्य |
| 4 | अंग्रेजी | व्याख्याता | 3 | 12000+अन्य |
| 5 | कम्प्यूटर आपरेटर | | 1 | 7000+अन्य |
| 6 | भृत्य (पुरुष वर्ग) | | 1 | 5200+अन्य |
| 7 | वाहन चालक | | 3 | 8000+अन्य |
| 8 | संगीत शिक्षक | | 1 | 7200 |
| 9 | माली | | 1 | 5200 |

कुल रिक्त पदो की संख्या 18

टीपः- आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पैन कार्ड की छायाप्रति, समस्त योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजो के छायाप्रति एवं मूल प्रति साथ 26 जून प्रातः 10:00 बजे उपस्थिति देंगें।

अध्यक्ष
श्री वेदमाता गायत्री शिक्षण समिति
कंगोली, जगदलपुर


## जनदर्शन में जनता से सुनी समस्या-शिकायतें



**जगदलपुर।** सप्ताह के प्रथम दिन सोमवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशन पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल ने जनदर्शन में उपस्थित आवेदकों से माँग और शिकायत प्राप्त कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### भानुप्रतापपुर के तारांदुल में शिविर का आयोजन

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के अंतिम छोर में बसे ग्राम तारांदुल में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया, जिसमें आसपास के ग्राम धनेली, कठोली, बांसकुंड के किसान एवं सरपंच-पंच सहित बड़ी संख्या में कृषकगण शामिल हुए। शिविर में कृषि वैज्ञानिक डॉ. नरेन्द्र तायडे एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी ओमप्रकाश सेवता द्वारा किसानों को उन्नत कृषि तकनीक एवं कृषक हितैषी योजनाओं की जानकारी दिया,साथ ही कृषकों को बीज उपचार की जानकारी प्रदर्शन करके दिखाया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के अभियांत्रिकी प्रमोद सर्वा, पीएम बीमा डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अशोक साहू सहित कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

### ठेकेदार ने बिना बिजली कनेक्शन लिए बना दिया नवनिर्मित बालिका छात्रावास



**पखांजुर।** ग्राम पंचायत रेंगावाही बाजारपारा में पिछले डेढ़ साल से बालिका छात्रावास भवन निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसमें ठेकेदार के द्वारा बिना बिजली कनेक्शन लिए चोरी की बिजली से बिल्डिंग में निर्माण में उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। इस ओर विभाग का ध्यान नहीं है। जिले के विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत रेंगावाही के ग्रामीणों ने बताया कि बालिका छात्रावास भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है और जो बनकर लगभग तैयार हो गया है। डेढ़ साल में ठेकेदार ने सरिया कटर मशीन, बरबेरेटर, बोर पंप, एलईडी बल्ब जिसमें सैकड़ों वाट का उपयोग चोरी छुपे किया है। इसकी जानकारी विभाग को नहीं लग पाई है। ठेकेदार ने हुकिंग कर बिजली चोरी किया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर कोई किसान चोरी का कनेक्शन लगाकर पंप चलता है, तो बिजली विभाग तत्परता दिखाते हुए उसे गरीब पर कार्रवाई करता है। ठेकेदार पर आज तक डेढ़ साल में तत्परता दिखाते हुए कार्यवाही नहीं किया है। ग्रामीणों का कहना है कि अंदरूनी इलाकों में ठेकेदार इसी तरह का काम करते है। बिजली चोरी करने से इसका भार आमजनता पर ही पड़ेगा। ट्रांसफार्मर के माध्यम से जितनी बिजली खपत बताया जा रहा है, उसका लोड आमजनता पर डाल दिया जाता है। बिजली विभाग के बांदे एई अगस्ते कुमार धुर्वा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जेई से पूछा है अब तक ठेकेदार के द्वारा कनेक्शन के लिए आवेदन नहीं किया गया है। मंगलवार की सुबह टीम भेज कर दिखवाता हूँ। अगर बिजली चोरी करते पाया जाता है तो निर्माण मे लगे सभी बिजली उपकरण जब्त कर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुर्माना की राशि के लिए नोटिस दिया जाएगा।

# नन्हे छात्र-छात्राओं ने विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला अंतर्गत संकुल केंद्र करंजी के शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा के छात्र छात्राओं ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत शाला परिसर मे पौधारोपण कर ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में संस्था में अध्ययनरत नन्हे छात्र छात्राओं के साथ साथ ग्रामवासी भी अपने हाथों से शाला परिसर मे पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम संयोजक टी. ऐंकट राव ने शुद्ध ऑक्सीजन,स्वच्छ वातावरण के लिए पर्यावरण संरक्षण को आवश्यक बताया। छात्र छात्राओं व ग्रामवासियों से अधिक से अधिक पौधारोपण कर इस धरती को सुंदर बनाने की अपील की। कार्यक्रम संयोजक टी. ऐंकट राव ने चिपको आंदोलन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आंदोलन एक पर्यावरण रक्षा का आंदोलन था। यह भारत के उत्तराखंड तब उत्तर प्रदेश राज्य में किसानों ने वृक्षों की कटाई का विरोध किया था। वे राज्य के वनविभाग के ठेकेदारों द्वारा की जाने वाली वनों की कटाई का विरोध कर रहे थे। चिपको आंदोलन की मुख्य बात यह थी कि इस आंदोलन में स्त्रियों ने ने भारी संख्या मे भाग लिया था। इन आंदोलनकारी स्त्रियों ने पेड़ों से चिपक कर एक जनांदोलन चलाया था। इस आंदोलन की शुरुआत 1970 मे भारत के प्रसिद्ध पर्यावरणविद् सुंदरलाल बहुगुणा, कॉमरेड गोविंदसिंह रावत, चंडीप्रसाद भट्ट तथा गौरादेवी के नेतृत्व मे हुआ था।

## बच्चों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




### ग्रामीणों को किया जागरूक

कार्यक्रम की अगली कड़ी मे संस्था मे अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने शिक्षक राव के नेतृत्व मे गांव के समीप के साल वन में जाकर चिपको आंदोलन की तर्ज पर साल के विशाल हरे भरे पेड़ो से चिपक कर चिपको आंदोलन को ग्रामवासियों एवं राहगीरों के समक्ष प्रस्तुत कर हमारे जीवन मे वनों के महत्व एवं वनों की कटाई से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक किया।

## जिला अस्पताल के मातृत्व एवं शिशु अस्पताल में की गई

**प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन**

# उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के सभी विकासखंड के शासकीय और गैर शासकीय अस्पतालों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम वाले लक्षणों की पहचान कर विशेषज्ञ तथा प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण संपूर्ण प्रबंधन सुनिश्चित करना है। उच्च जोखिम श्रेणी में आने वाली गर्भवती महिलाओं का समुचित प्रबंधन एवं सुनियोजित कर जिला में मातृ मृत्यु अनुपात को कम किया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस अंतर्गत समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों जैसे जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा चिन्हांकित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित किया जाता है।



### सुबह से ही गर्भवती माताओं की लगी हुई थी कतार

जिला अस्पताल के मातृत्व एवं शिशु अस्पताल में सुबह से ही गर्भवती माताओं का कतार लगी हुई थी। कांउसलर द्वारा गर्भवती माताओं की प्रसवपूर्व देखभाल के तहत वजन, रक्तचाप, हिमोग्लोबिन, सिकलिंग आदि जांच के साथ–साथ काउंसलिंग का कार्य किया गया। हाई रिस्क गर्भवती माताओं का सोनोग्राफी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रीता गेडाम के द्वारा किया गया। इसके साथ ही गैर शासकीय संस्थानों भंज हॉस्पिटल, नेताम क्लिनिक, केएनएच हॉस्पिटल, जीवन हॉस्पिटल के द्वारा भी उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का सोनोग्राफी कर इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह के द्वारा जिले के जन समुदाय से अपील किया गया है कि प्रत्येक माह के 9 एवं 24 तारीख को उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं को शासकीय एवं गैर शासकीय अस्पतालों में जांच कराया जाए ताकि स्वास्थ्य और सुरक्षित संस्थागत प्रसव हो सके एवं मातृ मृत्यु दर कम किया जा सके।

## नशे में धुत कार चालक ने पत्रकार को चपेट में लिया



**जगदलपुर।** शनिवार की देर शाम हरिभूमि के वरिष्ठ पत्रकार अनिल सामन्त की बाइक को नशे में धुत कार क्रमांक सीजी 17 सी 2243 का चालक महारानी अस्पताल रोड पर चपेट में ले लिया। जिसमें वे बुरी तरह से घायल हो गए। उनका बांया हाथ फ्रैक्चर हो गया। शिरीष मिश्रा एवं सीमांचल ने उन्हें महारानी अस्पताल पहुंचाया। सिविल सर्जन एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय प्रसाद ने फ्रैक्चर होना बताया और उपचार किया। सड़क दुर्घटना के 3 दिन बाद भी पुलिस फरार ड्रायवर की खोज नहीं कर पाई है, जिससे पत्रकारों में रोष है।

## सिंगर गोकुल बघेल ने किया रक्तदान समाज के लिए पेश की नई मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



बस्तर में आजकल चर्चित गीत सल्फी देऊ आंय काय, लांदा देऊ आंय को स्वर देने वाले गायक गोकुल बघेल ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए रक्तदान किया। भंज हॉस्पिटल में 9 जून को श्रीमती सनीता नेताम को एबी पॉजिटिव का किया गया रक्तदान। यह उनका 13 वां रक्तदान था। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है और इससे कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। गोकुल बघेल की राष्ट्रीय सेवा योजना कोंडागांव के जिला संगठक तथा संस्थापक शशिभूषण कन्नौजे द्वारा संचालित वीर गुण्डाधुर रक्तदाता समूह के पहल की सराहना करते हुए लोगों से कहा कि इनकी पहल से जरूरत मंदों को रक्त सहज उपलब्ध हो जाता है जो के सराहनीय कार्य हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी कलाकार कला के माध्यम से लोगो को मनोरंजित करने के साथ साथ समाज सेवा का कार्य भी करें। जिससे लोगों के जीवन में दोगुनी खुशी आए।

# युक्तियुक्तकरण में हुए भ्रष्टाचार पर प्रदेश में चलेगा पोल खोल अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



शिक्षक साझा मंच ने युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में व्यापक भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए प्रदेशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश संचालकों की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि आगामी 10 जून को सभी 33 जिला मुख्यालयों में पोल खोल धरना प्रदर्शन और रैली आयोजित की जाएगी। इसके बाद, 13 जून को प्रदेश के सभी पांचों संभागों में इसी तरह का प्रदर्शन और रैली निकाली जाएगी।

- 10 जून को जिला एवं 13 जून को संभागीय धरना रैली

कोण्डागांव जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह ने बताया कि पिछली काउंसलिंग में राज्य सरकार ने प्रशासनिक दबाव और पुलिस बल मौजूदगी में शिक्षकों से दबाव पूर्वक काउंसलिंग करवाई। मंच ने आरोप लगाया कि युक्तियुक्तकरण में जिला शिक्षाधिकारियों और विकासखंड शिक्षाधिकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया। वरिष्ठ शिक्षकों को अतिशेष बताया गया, जबकि कनिष्ठों को स्कूलों में रखा गया। वरिष्ठता सूची का प्रकाशन समय पर नहीं किया गया और रिक्त पदों को गोपनीय रखा गया। कई जिलों में अधिकारियों ने अपने चहेतों को लाभ पहुंचाया, और जिन स्कूलों से शिक्षकों को अतिशेष निकाला गया, उन्हीं स्कूलों में फिर से दूसरे शिक्षकों की पदस्थापना कर दी गई। इन अनियमितताओं और भ्रष्टाचारों की पोल खोलने, इसमें संलिप्त अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करने, युक्तियुक्तकरण को रद्द करने और स्कूलों में 2008 का सेटअप लागू करने की मांग को लेकर शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ ने आंदोलन जारी रखने का फैसला किया है।

### आगामी कार्यक्रम

7 जून को राजधानी रायपुर में सभी प्रदेश संचालकों द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस, जिसमें युक्तियुक्तकरण में हुई धांधली व भ्रष्टाचार को लिखित दस्तावेजों के साथ उजागर किया जाएगा। 10 जून प्रदेश के सभी 33 जिला मुख्यालयों में पोल खोल धरना प्रदर्शन और रैली, जिसमें जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 13 जून प्रदेश के सभी पांचों संभागों में श्पोल खोलश धरना प्रदर्शन और रैली, जिसमें संभाग कमिश्नर और संयुक्त संचालक शिक्षा जेडी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह, कौशल कुमार नेताम, प्रांतीय पदाधिकारी चन्द्रकांत ठाकुर, पवन साहू, शिवराज सिंह ठाकुर, शेषनाथ पाण्डेय, यशवंत देवांगन, मन्नाराम नेताम, मनोज फिलिप, हरिशंकर नेताम, ईश्वर दयाल साहू, नरेंद्र मरकाम, योगेश गावरे, सुकदेव मरकाम, कपूर चंद, कौशिक देवांगन, लिखेश्वर पाण्डेय, वेदप्रकाश, मौसमी लाला, अनुसुइया देवांगन, ललिता पाण्डेय, पीला मरकाम, राजेश्वरी कोर्राम, ललिता नेताम, सुमन ठाकुर, हेमलता रंगारी, चमेली पाण्डेय सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

## लौह अयस्क का परिवहन करने वाले वाहनों को रोकने संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

अंतागढ़ से नारायणपुर पंहुच मार्ग में लौह अयस्क में लगे वाहनों पर रोक लगाने रावघाट क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो सरपंचों, जनपद सदस्यों ने विधायक विक्रम उसेंडी से मुलाकात करते हुए आवेदन सौंपा है। समस्याओं के बारे में मौखिक रुप से जानकारी दिया है। रावघाट क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य समस्त सरपंचगण 9 जून को वन विभाग विश्राम गृह पहुंचकर क्षेत्रीय विधायक विक्रम उसेंडी से मुलाकात कर आवेदन दिया, जिसमें अंतागढ़ से नारायणपुर पहुंच मार्ग को 15 जून से लौह अयस्क परिवहन कार्य करने वाले समस्त वाहनों के आवाजाही पर रोक लगाने कहा। इस पर विधायक ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त करते संबंधित अधिकारी से चर्चा कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। विधायक से मिलने पहुँचे जनपद पंचायत प्रतिनिधि सरपंचगण व क्षेत्रवासी ने बताया कि अंतागढ़से नारायणपुर पहुंच मार्ग अभी वर्तमान में जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण हमारे क्षेत्र के लोगों को आने जाने में और दुपहिया वाहन चलाने में बहुत ज्यादा परेशानी होती है। खासकर बरसात के दिनों में साइड सोल्डर में पानी जमा हो जाता है, जिसके कारण दुर्घटना होने की संभावना ज्यादा बनी रहती है। रावघाट एवं आमदई माइंस होने के कारण लौह अयस्क में लगे वाहनों का आना जाना हरदम लगा रहता है।



## पेज 11 के शेष

### बस्तर जिले में ....

हर वर्ष चलती रहेगी। शासन की मंशा है कि दूरस्थ शालाओं में सभी विषय के विशेषज्ञ शिक्षक पदस्थ रहे ताकि बच्चों की दर्ज संख्या में वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि कम दर्ज संख्या वाले नजदीक के शालाओं को मर्ज करने से दर्ज संख्या बड़ेगी। 5 कक्षाओं के लिए 5 टीचर पदस्थ नहीं कर सकते । नई शिक्षा नीति में दर्ज संख्या को महत्वपूर्ण माना गया है। 1 +1 मिनिमम रखा गया है। दर्ज संख्या 60 से अधिक होगी तो 1 टीचर बढ़ जाएगा । वही 60 से कम दर्ज संख्या होने पर शाला एकल शिक्षकीय नहीं होगा वहां भी 1 +1 की व्यवस्था रहेगी।

**सभी आवेदनों का किया गया निराकरण :** प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि काउंसलिंग के दौरान अनेक शिक्षकों ने अतिशेष को लेकर अपना दावा करते आवेदन दिया । उन्होंने कहा कि सभी आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बचे 2 साल और संघों के पदाधिकारियों को इसमें प्राथमिकता दी गई है।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व ...

के साथ किया जाएगा। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। विकास अनवरत जारी रहेगा। महेश कश्यप ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद विकास कार्य अनवरत जारी है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। हमारी सरकार जनता के सभी मांगों को गारंटी के साथ पूरी कर रही है।

**ये रहे उपस्थित:** इस दौरान जनपद सदस्य मीना राव, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, संरपंच बुदरी बधेल, पुष्पांजलि ,उप सरपंच मधु राव,वनसिंग, सुब्रतों विश्वास,राजेश शर्मा, सीमांचल दास,रैनू बधेल,आनंद राव, रूपेश समरथ,राधे पन्द्रे, सूर्य नारायण, अभिमन्यु,बंशीधर, बबलू, त्रिपति नागेश, नरसिंह पुजारी, कमलेश, लक्ष्मण, विकास सिदार, जनपद सीईओ अमित भाटिया एवं क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

### जूनापानी में पेयजल...

स्थाई रूप से बंद कर दिया गया है तथा ग्रामीणों को इन कुंओं के जल का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी गई है। ईई पीएचई मरकाम ने बताया कि जूनापानी के जल स्त्रोतों के आस पास ब्लीचिंग पाउडर डाला गया है और हैंडपंपों का भी क्लोरीनेशन किया गया है। साथ ही प्रत्येक घरों में पीने के पानी में डालकर इस्तेमाल करने हेतु लिक्विड क्लोरीन प्रदान किया गया है। इस दौरान मैदानी अमले द्वारा सरपंच, उप-सरपंच एवं अन्य पंचायत पदाधिकारियों, पंचायत सचिव और ग्रामीणों को बोरिंग का जल ही इस्तेमाल करने, पानी भरने हेतु साफ बर्तन का उपयोग करने,व्यक्तिगत सफाई का ध्यान रखने और गंदे पानी के निकासी हेतु सोख्ता गड्ढा बनाने इत्यादि के बारे में समझाइश दी गई है।

### छात्र-छात्राओं को....

से रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 21 मई से 8 जून की अवधि में कोटपा के विभिन्न अधिनियमों के तहत कुल 35 प्रकरण में चालानी कार्यवाही तथा 6 बी कोटपा अधिनियम के तहत 8 प्रकरण के तहत कुल 43 प्रकरणों में 8350 रुपए की राजस्व वसूली की गयी है। वहीं नशामुक्ति एवं एक युद्ध नशे के विरुद्ध चलाये गये जनजागरूकता अभियान के तहत विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रान्तर्गत सोशल मीडिया, रैली, बैनर, पोस्टर, नशामुक्त भारत माध्यम से नशामुक्ति अभियान चलाया रहा है। साथ ही अब तक कुल 21 आरोपियों के विरुद्ध पीट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की जाकर अब तक कुल 14 आरोपियों के विरूद्ध कमिश्नर बस्तर संभाग द्वारा निरूद्ध आदेश जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रान्तर्गत 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाकर लोगों को जागरूक किया गया तथा कोटपा अधिनियम के उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कोटपा के विभिन्न अधिनियम विशेषकर 6 बी कोटपा अधिनियम के तहत शैक्षणिक संस्थानों से 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू आदि के विक्रय करने पर कार्यवाही की गयी है, साथ ही मानस टोल फ्री नंबर 1933 के संबंध में भी बैनर-पोस्टर चस्पा कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं नशे से ग्रस्त लोगों की पहचान कर उन्हें उपचार और परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक के अंत में सभी संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्वों की जानकारी दी गई और नशामुक्ति अभियान के हर पहलू पर गंभीरता से कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही आगामी एक माह के भीतर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए।

## सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया, समाजजनों से संवाद भी

# सांसद ने भतरा समाज भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सांसद महेश कश्यप ने रविवार को हॉटगुड़ा में भतरा समाज विकास परिषद भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में एक पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। भतरा समाज के रीति-नीति, परंपराओं एवं सामाजिक विकास के विभिन्न पहलुओं पर समाजजनों से संवाद किया। साथ ही नव निर्मित सामाजिक भवन के सामने 200 मीटर सीसी सड़क का भूमि पूजन भी किया। उन्होंने कहा भतरा समाज न केवल बस्तर की संस्कृति का अभिन्न अंग है, बल्कि यह समाज अपनी परंपराओं, नैतिक मूल्यों और मेहनतकश जीवनशैली के लिए भी पहचाना जाता है। समाज का यह नया भवन सामूहिक सशक्तिकरण और सामाजिक विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह भवन सामाजिक एकता, संवाद और दिशा निर्धारण का केन्द्र बनेगा।



### भतरा समाज में नाइक-पाइक की अद्भुत परम्परा

सांसद ने कहा भतरा समाज की एक अन्य महत्वपूर्ण और अद्भुत परंपरा नाइक-पाइक की है। यह परंपरा समाज की आध्यात्मिक और स्वास्थ्य-सम्बंधी मान्यताओं से जुड़ी हुई है। यदि किसी व्यक्ति को अचानक कोई पीड़ा, बीमारी या घर-वापसी दोष जैसी समस्या होती है, तो नाइक-पाइक द्वारा विशेष विधि से पानी छिड़क कर और हाथ दोष अथवा कर्म दोष को दूर किया जाता है। समाज में यह विश्वास है कि इस प्रक्रिया से व्यक्ति पर से दोष समाप्त हो जाते हैं और वह पुनः स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने लगता है।

### राजा ने प्रारंभ कराई जनेऊ परम्परा

सांसद ने कहा भतरा समाज में जनेऊ धारण की परंपरा राजा द्वारा ही प्रारंभ की गई थी। ऐसा माना जाता है कि ओडिशा में निवास स्थापित करने के समय बस्तर रियासत के राजा ने समाज को जनेऊ उपहार स्वरूप प्रदान किया। उसी समय से यह पवित्र धागा पहनने की परंपरा समाज में चली आ रही है, जो आज भी सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक संस्कार के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रहे उपस्थित

लोकार्पण समारोह में भतरा समाज के जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, परगना नाइक-पाइकगण,क्षेत्रीय विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, समाज के वरिष्ठजन, माताएं-बहनें एवं बड़ी संख्या में सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## जगदलपुर के बीईओ बने अनिल दास



**जगदलपुर।** पाठ्य पुस्तक निगम के डिपो प्रबंधक अनिल दास को जगदलपुर विकासखंड का बीईओ बनाया गया है। प्रभारी कलेक्टर ने जारी आदेश में यह नियुक्ति की है जिसमें उन्हें अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वे अपने मूल पद के साथ बीईओ का भी कार्य संभालेंगे। ज्ञात हो कि पिछले दिनों जगदलपुर बीईओ मानसिंह भारद्वाज को निलंबित किया गया था।



## किसानों को नवीन कृषि तकनीकों की मिली जानकारी

**कोयलीबेड़ा।** कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मायापुर में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य एवं मंडल अध्यक्ष पखांजूर दीपांकर राय ने सहभागिता की और उपस्थित जनों को संबोधित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य कृषकों को राज्य और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान करना और उन्हें लाभान्वित करना था। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों ने नवीन कृषि तकनीकों, कृषि यंत्रों पर अनुदान, सिंचाई सुविधाओं, बीज एवं उर्वरक वितरण व्यवस्था, और फसल बीमा योजना आदि की विस्तृत जानकारी दिया गया। इस अवसर पर मनोज हालदार, प्रोविन ढाली और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## भाजपा की कार्यकारिणी, चुनेश्वर और द्वारिका साहू बने महामंत्री

**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष महेश जैन द्वारा पूरे 16 मण्डलों में अपनी कार्यकारिणी 6 जून को घोषित कर दिया। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष की सहमति एवं अनुशंसा से कांकेर ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष कमलेश उसेण्डी ने कांकेर ग्रामीण की कार्यकारिणी घोषित किया। जिसमें चुनेश्वर जैन, द्वारिका साहू को महामंत्री, उपाध्यक्ष सांवत नेताम, महावीर सरोज, सुरेखा नेताम, अनुसुईया सोनवानी, मंत्री रामप्रसाद कुंजाम, सतीश नाग, पावित्री निशाद, चुनेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश जैन, कार्यालय प्रभारी मनोज यादव, मीडिया प्रभारी दशरथ और जिला प्रतिनिधि नारायण पोटाई को बनाया गया है।

## तालाब में डूबने से मौत परिजन को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने तालाब में डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील आमाबेड़ा के ग्राम चंगोड़ी निवासी 45 वर्षीय दुकली बाई नरेटी की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित चैतराम नरेटी को चार लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत किया गया।

### कलेक्टर ने ली कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, रेशम एवं मत्स्य विभाग की संयुक्त बैठक

# हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने करें सार्थक प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा





संयुक्त जिला कार्यालय भवन के डंकिनी सभाकक्ष में आज कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, रेशम एवं मत्स्य विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से हरेक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने और नियद नेल्लानार ग्राम को एक आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने पर जोर देना है।

कलेक्टर ने 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत चल रही गतिविधियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक कृषक को किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, एग्री स्टेक, जैविक खेती हेतु क्षेत्र प्रमाणीकरण, जैविक किसान खेत पाठशाला, कतार रोपा एवं बीज उत्पादन कार्यक्रम से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने खरीफ 2025 के लिए क्षेत्राच्छादन, बीज उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण कार्य को भी पूर्ण दक्षता के साथ शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।

बैठक में पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिले में पशुओं के टीकाकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि इस कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देने के लिए "पशु सखी" प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए समेकित उद्यानिकी विकास योजना, मसाला विस्तार योजना (अदरक, हल्दी), उन्नत बीजों का उत्पादन, खरीफ सब्जियों (भिंडी, तोरई, लौकी, बरबट्टी) की नर्सरी और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश दिए। मत्स्य विभाग से स्पॉन उत्पादन, मत्स्य बीज स्टे, फुटकर विक्रय, उपकरण सहायता, झींगा पालन व आदिवासी क्षेत्रों में बीज संचयन जैसे कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने इन योजनाओं में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और योजना लाभ को अंतिम छोर तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, उप संचालक कृषि सूरज पंसारी, उप संचालक पशुपालन श्यामा मालवीय, सहायक संचालक उद्यानिकी मीना मंडावी सहित रेशम एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रेशम धागा यूनिट स्थापित करें

रेशम विभाग से चर्चा के दौरान कलेक्टर ने जिले में रेशम धागा करण यूनिट की स्थापना हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर मिल सकें।

### नियद नेल्लानार योजना की प्रगति की समीक्षा

बैठक के समापन पर कलेक्टर ने शासन की महत्वाकांक्षी नियद नेल्लानार योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम के प्रत्येक हितग्राही का सर्वे कर उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, बीज वितरण और अन्य सभी शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाया जाए।

## लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने नियद नेल्लानार योजना की प्रगति की समीक्षा की। अब तक हुए विकास कार्यों की जानकारी लिया। उन्होंने सभी लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने पीएम जनमन के तहत शेष निर्माणाधीन आवास को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश नरहरपुर जनपद सीईओ को दिए।

■ समय-सीमा की बैठक

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 9 जून को आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण जल्द से जल्द करने सभी एसडीएम को निर्देशित किया। उन्होंने आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए पीडीएस के नए भवनों का निर्माण बारिश से पूर्व प्रारंभ करने एवं प्रगति की प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश सम्बंधित जनपद सीईओ को दिए। इसके अलावा बैठक में प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, मत्स्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष्मान वय वंदन तथा पीएम विश्वकर्मा प्रकरणों की समीक्षा कलेक्टर ने अनुभागवार एवं विभागवार की और साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों को लंबित स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास निधि के अधीन स्वीकृत सड़क, भवन एवं पुल-पुलिया निर्माण की समीक्षा की और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे, सभी एसडीएम सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### हल्बा हल्बी आदिवासी समाज युवा प्रकोष्ठ की बैठक आज

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत सामुदायिक भवन कर्रामाड़ में 10 जून को अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज युवा प्रकोष्ठ की बैठक होगी। बैठक में सबसे पहली धरती आबा बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा। सामाजिक उत्थान में समाज की भूमिका को लेकर चर्चा किया जाएगा।

## कांग्रेसियों ने दुधावा तालाब की साफ सफाई की निविदा खोलने सौंपा ज्ञापन

**कांकेर।** नगर पालिका के अघन नगर वार्ड दुधावा तालाब की साफ-सफाई और प्लांटेशन कार्य के लिए हुए निविदा को तत्काल खोलने की मांग करते हुए कांग्रेस ने सोमवार को कलेक्टर को पुनः ज्ञापन सौंपा। निविदा नहीं खोलने की स्थिति में विरोध प्रदर्शन करने का अल्टीमेटम भी दिया गया। कांग्रेस ने सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि अघन नगर वार्ड में दुधावा तालाब में साफ-सफाई, गहरीकरण एवं मिट्टी परिवहन आदि कार्य कथित रूप से जनसहयोग के माध्यम से होना बताया जा रहा है। तालाब गहरीकरण का कार्य लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है, जबकि इसी कार्य के लिए आनलाइन निविदा निकाला गया है। कांग्रेस मांग कर रही कि नगर पालिका में विवाद होने का मुख्य कारण निविदा है। ऐसे में कांग्रेस मांग करती है कि पालिका प्रशासन, ठेकेदारों एवं दोनों राजनीतिक दलों के पार्षदों के समक्ष तत्काल निविदा खोली जाए। कांग्रेस के जिला महामंत्री ने सत्ता पक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यदि आप जनता के कार्य के आए है तो ईमानदारी से कार्य करिए। शहर के विकास के कांग्रेस पार्टी हमेशा सहयोग करेगी और यदि आप सोचते है कि जनता के पैसों को बंदरबाट करके अपना घर भरेंगे तो अभी से सचेत हो जाइए। हम पूरी नजर बना के रखे है, शहर की जनता के टैक्स का पैसा हम आपके इंट्रेस्ट में बर्बाद नहीं होने देंगे, पुरजोर विरोध होगा। ज्ञापन सौपने के दौरान नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर, नरेश ठाकुर, सुनील गोस्वामी, अजय रेणु, यासीन कराणी, लोमेंद्र यादव, मनोज जैन, किसन साहू, अमित साहू, विजय यादव, चंद्रलोक सिंह ठाकुर, ओम प्रकाश देवांगन, कौमुद व्यास उपस्थित रहे।

## विशेष शिविर 15 से 30 जून तक होंगे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और बेहतर संचालन को लेकर जिला कार्यालय के सभा कक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लिया। बैठक में उन्होंने जिले के समस्त जनपद पंचायत सीईओ तथा जिला स्तरीय अधिकारियों को आगामी 15 से 30 जून तक आयोजित होने वाले विशेष जागरूकता शिविर की समुचित तैयारी करने के लिए निर्देशित किया। धरती आबा योजना आदिवासी समुदायों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने का एक महत्वपूर्ण पहल है और इसके सफल संचालन के लिए प्रत्येक स्तर पर समन्वय आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि धरती आबा अभियान का मुख्य उद्देश्य सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका जनजातीय क्षेत्रों एवं समुदायों का समग्र विकास करना है। अभियान के तहत जनजातीय बाहुल्य गांव में सभी शासकीय योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार पहुंचाया जाएगा। इसी के तहत जिले में जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजनांतर्गत 15 से 30 जून तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उक्त शिविरों में योग्य हितग्राहियों की पहचान, दस्तावेजों का सत्यापन और तत्काल पंजीयन की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को जरुरी निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

■ समुचित तैयारी के लिए किया निर्देशित

## संगोष्ठी में किसानों को तकनीकी खेती करने के बताए गए तरीके

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम कोड़ेकुर्से में आत्मा योजनांतर्गत खरीफ किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जन प्रतिनिधियों का स्वागत वंदन पश्चात कार्यक्रम को गति दिया गया। प्राध्यापक कृषि महाविद्यालय कांकेर रविन्द्र कुमार द्वारा मृदा परीक्षण, संतुलित खाद का उपयोग के बारे में कृषक बंधुओं को बताया गया तथा समय पर बुआई करने आधुनिक तकनीक से खेती करने के लिए प्रेरित किया गया।



वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शंभूलाल नरेटी ने कृषि विभाग की योजनाओं प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मिट्टी नमूना लेने की विधि के बारे में बताया तथा बलवंत बघेल द्वारा 17 प्रतिशत नमक घोल बीज उपचार विधि का प्रदर्शन, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, परंपरागत कृषि विकास योजना के बारे में बताया। सुरेन्द्र भोयर द्वारा विभागीय योजनाओं के साथ खाद बीज भंडारण वितरण पर विस्तार पूर्वक जानकारी खरीफ फसल में लगने वाले कीड़े बीमारी तथा उनके उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## आदिवासी छात्र युवा संगठन ने मनाया पांचवां स्थापना दिवस



**पखांजूर।** पखांजूर में आदिवासी छात्र युवा संगठन छत्तीसगढ़ ने अपना पांचवां स्थापना दिवस सामाजिक सरोकारों और जनसेवा के साथ मनाया। इस अवसर पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने सिविल अस्पताल पखांजूर पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए और शिक्षा और सामाजिक चेतना को लेकर युवाओं को प्रेरित किया। आदिवासी छात्र युवा संगठन ने शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया और आदिवासी समाज की समस्याओं और युवाओं की जिम्मेदारियों पर बल दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश नुरुटी ने कहा कि आदिवासी समाज के बच्चे शिक्षा से वंचित होते जा रहे हैं। छात्र जीवन केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व भी जरूरी है। संगठन के महामंत्री गीता दुग्गा ने कहा कि हमें गांव-गांव जाकर ऐसे बच्चों को स्कूल तक पहुंचाने के लिए काम करें। इस अवसर पर सिविल अस्पताल पखांजूर में मरीजों को फल वितरित किए गए और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्रामीण और संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पोटगांव में प्रतिभा उत्कृष्ट सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा हल्बी समाज ब्लॉक कांकेर के तत्वावधान में वार्षिकोत्सव सह प्रतिभा उत्कृष्ट सम्मान ग्राम पोटगांव में किया गया, जिसमें प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया, इसके साथ ही सामाजिक कार्य करने वाले सामाजिक पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष परसुराम भोयर ने कहा कि समाज के सभी सदस्यगण उपस्थित होकर समाज को उन्नति में अपना अमूल्य योगदान देने के लिए वचनबद्ध हुए और सामाजिक उन्नति में कार्य करने की जरूरत है। कार्यक्रम में सामाजिक लोक नृत्य चइत नाचा का भी आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा, इसका श्रेय सभी युवकों को दिया गया, क्योंकि युवाओं के बदौलत ही यह कार्यक्रम सफल हो पाया। युवा ब्लाक अध्यक्ष हेमलाल गढ़पिया द्वारा युवाओं को नशा ना करने की बातें कहीं।

## संकल्प से सिद्धि तक सेवा सुशासन गरीब कल्याण कार्यक्रम पर हुई कार्यशाला

**पखांजुर।** भाजपा मंडल पखांजुर में भाजपा द्वारा आयोजित मोदी सरकार के 11 वर्ष, संकल्प से सिद्धि तक सेवा सुशासन गरीब कल्याण कार्यक्रम का कार्यशाला सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपांकर दत्ता ने कहा कि संगठन में काम बढ़ रहे हैं, लेकिन आम जनता तक सरकार के कार्यों को पहुंचाना हर कार्यकर्ता का दायित्व है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सिर्फ चुनाव के समय नहीं, बल्कि वर्षभर विभिन्न कार्यक्रमों और त्योहारों में भी जनता के बीच कार्य करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुकी है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम में भाजपा की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी गई, जिसमें आयुष्मान योजना, वृक्षारोपण अभियान, और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने की योजना शामिल है।

## विशेष विद्यालय, छात्रावास कोदाभाट में प्रवेश प्रारंभ

**कांकेर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में संचालित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विशेष विद्यालय, छात्रावास कोदाभाट कांकेर में कक्षा पहली से कक्षा 6वीं तक के दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों बालक का प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। इच्छुक पालक अपने पुत्र, पाल्य को कार्यालयीन दिवस एवं समय में सरोना रोड ग्राम कोदाभाट में स्थित संस्था में उपस्थित होकर दाखिला करा सकते हैं। दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय के अधीक्षक ने बताया कि संस्था में शासन द्वारा अध्ययन, भोजन, आवास, वस्त्र इत्यादि निःशुल्क प्रदाय की जाती है।

51 खिलाड़ियों में बस्तर के 19 शामिल

## नेशनल खेलने हरियाणा रवाना हुई राज्य की टीम



**जगदलपुर।** छग एमेच्योर म्यूथाई एसोसिएशन के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि प्रदेश म्यूथाई दल में 51 चयनित म्यू थाई खिलाड़ियों और 9 अधिकारियों का दल रवाना हुआ। 60 सदस्यीय दल में 51 खिलाड़ी (28 बालक, 23 बालिकायें) छग म्यूथाई दल में विगत माह दल्ली राजहरा जिला बालोद में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय म्यूथाई चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्थान बनाने में कामयाब रहे है। इस राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप में रायपुर जिले से सर्वाधिक 25 खिलाड़ी बस्तर से 19 खिलाड़ी बालोद से 6 खिलाड़ी तथा दंतेवाड़ा से 1 बालिका खिलाड़ी छग राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे है। कोच मैनेजर का दायित्व अब्दुल मोईन, नवीन ठाकुर और राजेन्द्र सिंह राजपूत (तीनों बस्तर), प्रभा साहू (धमतरी) निभाएंगे। जो खिलाड़ियों के साथ हरियाणा के रोहतक रवाना हुए।

## शहर के कवियों ने किया कविता पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर




जिला ग्रंथालय में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें साहित्यकारों ने सभी विधाओं पर रचनाए पढ़ीं। सबसे पहले सरस्वती वंदना सुमधुर स्वर में चमेली नेताम सुवासिता ने प्रस्तुत किया।

■ जिला ग्रंथालय में जुटे कवियों ने सभी विधाओं पर रचनाए पढ़ीं

उसके बाद शिवसागर त्रिपाठी ने दो घूंट चाय एवं योग और भोग अपने अंदाज में प्रस्तुत कर वाह-वाही बटोरी। अवध किशोर शर्मा ने मई तो चली गई आया हैं जून पढ़ कर तालियाँ बटोरी। ऋषि शर्मा ऋषि ने चिर-परिचित अंदाज में गजलें इस तरह खुद से खफा हूँ मैं आओ मिटाने इस से भेदभाव तकरार को गजलों को तरन्नुम में पेश कर माहौल को खुशनुमा कर दिया।

विपिन बिहारी दाश ने छत्तीसगढ़ी में नहर बिन पानी के मछरी बिन पानी के और मैं रखता हूं सबकी खबर कहता नहीं प्रस्तुत कर तालियाँ बटोरी। शैल दुबे ने मन के अन्दर छुपकर बैठा मेरा अपना नन्हा बचपन प्रस्तुत कर वाह वाही बटोरी। शशांक श्रीधर ने सजा सिन्दुर भाग्य और समर्पण हैं देशभक्ति रचना प्रस्तुत वाह वाही बटोरी। शिरीष कुमार टिकरिहा ने छत्तीसगढ़ी में अपन बाँटा के सुख अउ गम ला सब झन मिलके बाँट ले जी पढ़ कर वाह वाही बटोरी। कृष्णशरण पटेल कृष्णा ने आचरण निखरता क्यों नहीं,बात बताएगा प्यारे और आज फिर से एक और मधुर वर्ष प्रस्तुत कर सब का मन मोह लिया। अनिल शुक्ला ने है कलम ये समय बहुत कठिन है ऐसे में ही तुम चुप न रहना रचना पाठ कर तालियाँ बटोरी। डालेश्वरी पॉंडेय ने सुमधुर आवाज में देशभक्ति गीत तन वतन के वास्ते और जिन्दगी गीत है रचना पढ़ कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में चमेली नेताम सुवासिता ने पर्यावरण विषय पर छंदबद्ध रचना रूख राई ले चलौ जी आज लेबो सीख प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कृष्णशरण पटेल कृष्णा ने किया। कार्यक्रम में शोभा शर्मा एवं अन्य स्रोतागण उपस्थित थे।

-:: शपथ पत्र ::-

मैं टीमेन्द्र सिंह ठाकुर पिता श्री उचित सिंह ठाकुर, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम चन्द्रगिरी बैदारपारा, तहसील दरभा, जिला बस्तर छ.ग. शपथपूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूँ।

1. यह कि मेरा पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरा नाम ड्रायविंग लाइसेंस क्रमांक CG1720110011569 में मेरा नाम गलत है एवं मेरा सहीं नाम टीमेन्द्र सिंह ठाकुर पिता उचित सिंह ठाकुर है।
3. यह कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा जन्म तिथि गलत है एवं सहीं जन्म तिथि 01/06/1990 है।
4. यह कि मेरे आधार कार्ड के आखरी संख्या 2117 के अनुसार मेरा ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की कृपा करेंगें।
5. यह कि उपरोक्त कथन के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### आरटीई के संबंध में हुई बैठक



**दंतेवाड़ा।** आज जिला शिक्षा कार्यालय के कस्तूरबा सभा कक्ष में सूचना का अधिकार आरटीई के तहत संचालित शालाओं के प्राचार्य एवं नियुक्त नोडल प्राचार्यों का बैठक आयोजित किया गया था। बैठक में आरटीई के तहत जिले में शेष कुल 61 रिक्त सीट को द्वितीय चरण में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार तथा 30 जून तक शत-प्रतिशत आरटीई सीट में प्रदेश की कार्यवाही पूर्ण करने निर्देशित किया गया। साथ ही शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं निर्मित ऑनलाइन पोर्टल में अपडेशन करने हेतु कहा गया। इसके अलावा इसमें सबसे बड़ी भूमिका यह है कि बच्चे एक या दूसरे क्लास में जाकर ड्राप आउट क्यो होते है उसकी जानकारी लेते हुये ड्राप आउट नहीं किये जाने की हिदायत दी गई।

### नशा मुक्ति जागरूकता पर हुआ कार्यक्रम



**गीदम।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के परिप्रेक्ष्य में शासकीय नवीन महाविद्यालय गीदम में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा उन्हें इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस आयोजन में लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। यह जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में नशे के प्रति सजगता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास सिद्ध हुआ। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक संतोष टोप्पो, महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एसके माहला उपस्थित रहे।

### टंकी के पास खोदे गए बोरवेल से नहीं निकल रहा पानी

# जल जीवन मिशन बड़े चकवा में फेल, पानी टंकी बना सफेद हाथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत बड़े चकवा में जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी की टंकी अब ग्रामीणों के लिए उपयोगी न होकर सफेद हाथी साबित हो रही है। लाखों रुपए की लागत से बनी यह टंकी देखरेख और रखरखाव के अभाव में जर्जर स्थिति में पहुंच गई है। पंच नाहटू बघेल ने बताया कि यह पानी टंकी महज़ एक शोपीस बनकर रह गई है।

टंकी के पास खोदे गए बोरवेल भी विफल हो चुके हैं, जिससे पानी आपूर्ति पूरी तरह ठप है। ग्रामीण आज भी पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उप सरपंच पूरन सिंह कश्यप ने बताया कि ग्राम में अब तक तीन नग पानी टंकी बनाई जा चुकी हैं, लेकिन सभी की गुणवत्ता अत्यंत खराब है। टंकी निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा क्यूरिंग जैसे बुनियादी मानकों का पालन नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि निर्माण के दौरान पानी डालकर क्रांकीट को सुदृढ़ करने की प्रक्रिया पूरी तरह नजरअंदाज़ की गई, जिससे अब ग्रामीणों को डर सता रहा है कि कभी भी टंकी ढह सकती है।

उप सरपंच के अनुसार, संबंधित पीएचई विभाग को कई बार पत्राचार और मौखिक शिकायत के माध्यम से सूचित किया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। टंकी का चेंबर भी अब तक नहीं बनाया गया है, जिससे आपूर्ति की व्यवस्था अधूरी है। टंकी के पास खोदे गए बोरवेल भी पानी नहीं दे रहे हैं। पीएचई विभाग द्वारा किए गए खनन कार्य गंभीर तकनीकी त्रुटियों से ग्रस्त रहा, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। एक ओर जहां टंकी बेकार पड़ी है, वहीं दूसरी ओर गांव में पीने के पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा नलकूप खनन के लिए बार-बार विभाग को पत्र भेजे, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामवासियों ने कुछ निर्दिष्ट स्थानों पर नलकूप खनन की मांग की है, जिनमें प्रमुख हैं खालेपारा पटेल घर के पास, नयापारा सुकमन मोहरिया के घर के पास, छेपड़ापारा लेबों घर के पास, श्मशान घाट क्षेत्र, ओंडारमुंडी सोनधर पंच घर के पास इन क्षेत्रों में नलकूप की मांग ग्रामीणों की बुनियादी जरूरतों से जुड़ी है, लेकिन विभाग और स्थानीय प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं। पंच आयतू राम कश्यप ने जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

ग्रामीण गिरधर कश्यप ने बताया कि इस मिशन के तहत कार्यरत अधिकारी और ठेकेदार आपस में मिले हुए हैं और गुणवत्ता से समझौता कर रहे हैं। जब ग्रामीणों ने पीएचई विभाग से इस विषय में संपर्क किया तो उन्हें कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। अधिकारी प्रतिक्रिया देने से बचते नजर आए। ग्रामीणों का कहना है कि यह न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि गांव के लोगों के आजीवन स्वास्थ्य और सुविधा से खिलवाड़ है। गांव के नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल संकट का जल्द समाधान नहीं किया गया और नलकूप खनन, टंकी मरम्मत एवं जलापूर्ति व्यवस्था को बहाल नहीं किया गया तो वे जनजागरण अभियान चलाएंगे और विभागीय कार्यालय का घेराव भी कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर नल से जल पहुंचाना है, लेकिन बड़े चकवा जैसे गांवों में यह योजना केवल कागज़ों में ही सफल नजर आती है। ग्रामीणों की पीड़ा और उपेक्षा इस बात का उदाहरण है कि योजनाओं की सफलता के लिए केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि ईमानदारी और ज़मीनी क्रियान्वयन भी आवश्यक है।

## ग्राम संतोषपुर और मांझीगुड़ा में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

भारत सरकार की प्रमुख योजना विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम संतोषपुर एवं मांझीगुड़ा में किसानों को उन्नत कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी और मत्स्य पालन की जानकारी देने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कृषि सखी एवं ग्रामीणों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान पशुपालन विभाग से डॉ. सुरेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में मांझीगुड़ा में पशुओं का टीकाकरण किया गया एवं एकटंगिया, गलघोंटू जैसी बीमारियों की दवाइयों का वितरण किया गया।

उद्यानिकी विभाग से श्री सुकालू कचलाम ने नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल पाम योजना के तहत तिलहनी फसलों के उत्पादन में वृद्धि की जानकारी दी और आम के पौधों में कलम करने का जीवंत प्रदर्शन किया। मत्स्य पालन विभाग से दामोदर यालम ने ग्रामीणों को मत्स्य दुर्घटना बीमा योजना मत्स्य बीज वितरण और तालाब निर्माण की विधियों की जानकारी दी।

कृषि विज्ञान केंद्र से फार्म मैनेजर दिनेश मरापी ने धान बीज को नमक के घोल से उपचारित करने तथा पद्धति से धान की रोपाई के बारे में बताया।

आत्मा योजना से उषा दुर्गम ने समन्वित कृषि प्रणाली, बिजामृत, जीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र आदि जैविक तकनीकों की जानकारी दी। वहीं विदेश्वर कुमार ने एग्री स्टेक, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में दिलीप कोरसा जनपद सदस्य, विनोद कुडमुल उप सरपंच, संतोषपुर, जयकिशन देवांगन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पंकज नेताम, शैलेन्द्र कुमार तथा क्षेत्र के प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत बस्तर के वार्ड 15 में नवनिर्मित पुलिया क्षतिग्रस्त...






**बस्तर।** नगर पंचायत बस्तर के वार्ड क्रमांक 15 में हाल ही में निर्मित पुलिया एक महीने के भीतर क्षतिग्रस्त हो गई है। इस मामले में नेता प्रतिपक्ष समीर मिश्रा सहित पार्षदों ने एसडीएम से शिकायत कर जांच की मांग है। बताया जा रहा है कि वार्ड क्र. 15 कारीतरई से बाग़बाहर जाने वाली मार्ग में एक महीना पूर्व पुलिया का निर्माण नगर पंचायत के ठेकेदार के माध्यम से हुआ था। बिना लोड के ट्रैक्टर पुलिया से गुजरने से क्षतिग्रस्त हुआ। सोमवार को बस्तर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष सहित भाजपा पार्षदों ने वही नगर पंचायत बस्तर में चल रहे निर्माण कार्य की भ्रष्टाचार को लेकर जांच की मांग की गई है। नगर पंचायत बस्तर के उप अभियंता रोहित नाग जानकारी में बताया की आज ही जानकारी मिलने पर वार्ड क्र. 15 पहुंचकर क्षतिग्रस्त पुलिया को तुड़वाकर नए सिरे से बनाया जा रहा है।

## एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक में छात्रों का टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स में हुआ कैंपस चयन

हरिभूमि न्यूज : गीदम



छात्रों के लिए नौकरी के अवसर प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता में एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा ने अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया था।

इस कैम्पस साक्षात्कार में मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल ब्रांच के अंतिम वर्ष के छात्र उपस्थित हुए। कैम्पस ने छात्रों को कोलार कर्नाटक में स्थित कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स मे नौकरी प्रदान की। संस्थान प्रत्येक वर्ष अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए नौकरी का अवसर प्रदान करता रहा है। इस वर्ष भी यह आयोजन रखा गया था। इस प्लेसमेंट में मैकेनिकल ब्रांच से 19 और इलेक्ट्रिकल ब्रांच से 19 विद्यार्थियों का चयन हुआ, जिससे अंतिम वर्ष के कुल 38 छात्र छात्राओं का चयन हुआ। अपनी अंतिम वर्ष की परीक्षा के बाद वे कोलार में नौकरी ज्वाइन करेंगे। इससे वे अपने पाठ्यक्रम के पूरा होने से पहले चयनित होने से बहुत खुश हैं। वे अपने अंतिम वर्ष की परीक्षा के ठीक बाद अपनी पहली नौकरी के अवसर को पाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। कॉलेज प्रबंधन ने छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रबंधन ने छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए प्रिंसिपल और उनकी टीम को भी बधाई दी।

प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने विद्यार्थियों को प्लेसमेंट साक्षात्कार के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें अच्छे कैरियर के बारे में बताया, ताकि भविष्य में वे अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकें।उन्होंने छात्रों के चयन के लिए उन्हें बधाई भी दी। उन्होंने आगे बताया कि इस सत्र के लिए यह दूसरा प्लेसमेंट है। संस्थान में अभिभावकों ने अपना लगातार पिछले कुछ वर्षों में पूर्ण भरोसा जताया। इस वर्ष महाविद्यालय में प्रवेश 11 जून से प्रारंभ होगा।

## पालनार के 300 से अधिक घरों में आया उजियारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छत्तीसगढ़ सरकार के महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार से बीजापुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पालनार में विकास की गति तेज रफ्तार से बढ़ रही है। पालनार ग्राम पंचायत क्षेत्रफल की दृष्टि से बहुत बड़ा गांव है जो सात पारा-मोहल्ला में बंटा हुआ है।

पालनार माओवादियों के गढ़ कहे जाने वाले अंदरूनी गांव है जहां माओवादियों के आतंक के कारण पूरा गांव उजड़ चुका था ग्रामीण बताते है कि 80 के दशक में गांव में बिजली लगा हुआ था किंतु 2005 में सलवा जुडुम के दौरान माओवादियों के आतंक के कारण विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। 20-25 वर्षो तक ग्रामीण अंधेरे और भय से जीवन जीने को मजबूर थे। किंतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के पहल से नियद नेल्लानार योजना शुरू हुई जिससे पालनार में नवीन पुलिस सुरक्षा कैम्प स्थापित हुआ गांव में कनेक्टिविटी बढ़ी मोबाईल टॉवर लगा और अब विद्युतीकरण का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि पालनार में सात पारा है दूर-दूर बसाहट होने के कारण क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़ा पंचायत है। वहीं बिजली विभाग द्वारा बताया गया कि दूर-दूर बसाहट होने के कारण तीन सौ घरों में उनके घर तक बिजली पहुंचाने का कार्य कठिन था उसके बावजूद लगातार कार्य करते हुए कुल 14 ट्रांसफार्मर स्थापित किया जिससे सभी घरों में बिजली की पहुंच सुनिश्चित हुई।

बिजली के साथ-साथ जल जीवन मिशन के तहत घरों में नल एवं स्वच्छ जल की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वहीं हैण्डपंपों के द्वारा भी जल की आपूर्ति ग्रामीणों को हो रही है। आधार शिविर एवं सैचुरेशन शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, एवं अन्य दस्तावेज प्रदाय करने हेतु लगातार शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है।

गांव की सरपंच मालती ताती सहित अन्य ग्रामीण भद्रू ताती, बुधराम पुनेम ने बताया कि वर्षो तक गांव में बिजली नहीं होने से रात के अंधेरे से भय का वातावरण रहता था। जंगली जानवरों सांप बिच्छू से स्वयं को असुरक्षित महसूस करते थे अब गांव पूरी तरह रौशन हो गया जिससे सुरक्षा का वातावरण निर्मित हुआ वहीं बच्चों की पढ़ाई लिखाई एवं उनके सुंदर भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त हुआ है।

नियद नेल्लानार योजना से गांव का विकास तीव्र गति से हो रहा है। इस योजना को लागू करने के लिए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया।

## कम्बालपेठा में जल जीवन मिशन से ग्रामीणों को मिली राहत, घर में मिल रहा शुद्ध पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



बीजापुर जिले के कंबालपेठा गांव में जल जीवन मिशन योजना ने ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। इस गॉव में गोंड, महार और कुम्हार जनजाति के लोग निवास करते हैं, जो पहले हैण्डपंप से पानी लाते थे। ग्राम में 8 नग हैण्डपंप संचालित है इसी से पेयजल का प्रबंध होता रहा है।

केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत कंबालपेठा में 20.70 रू.लाख की लागत से 1815 मीटर पाईप लाईन का विस्तार किया गया। ग्राम में 01 नग सोलर पंप स्थापित किया गया, जिससे 20 परिवारों को घर पर ही पेयजल की सुविधा मिल रही है। इससे पहले ग्रामीणों को हैण्डपंप से पानी लाने के लिए दूर-दराज तक जाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम की बर्बादी होती थी। ग्रामसभा के माध्यम से ग्राम कंबालपेठा में 4 मई हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया। इस दौरान ग्राम के सरपंच सुनिता वासम एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम के निवासी स्ताडी पायम बताते है कि पहले पानी की बहुत समस्या थी हैण्डपंप से दूर-दूर से पानी लाते थे, अब हमारे घर मे पानी मिल रहा है, हम ग्रामवासी बहुत खुश है। यह बयान जल जीवन मिशन की सफलता का दर्शाता है, जिसने ग्रामीणों की जीवनशैली में सुधार किया है।

इस मिशन से महिलाओं और बच्चों को पानी लाने में लगने वाला समय बचा है और स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ है। कंबालपेठा ग्राम में जल जीवन मिशन के तहत किए गए कार्यों ने न केवल पेयजल की समस्या का समाधन किया, बल्कि ग्रामीणों की जीवन में भी सुधार किया है।

## सीजीएम एनएमडीसी को सौंपा पत्र कोचिंग के लिए प्रशिक्षण भवन की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

नगर पालिका परिषद किरंदुल की अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने एनएमडीसी किरंदुल कॉम्प्लेक्स के सीजीएम संजीव साही को एक पत्र सौंपकर एल 1 और एल 2 अभ्यर्थियों के कोचिंग लिए प्रशिक्षण भवन उपलब्ध कराने की मांग की।

पत्र में परिषद ने एनएमडीसी से अनुरोध किया कि स्थानीय युवाओं के कौशल विकास और प्रशिक्षण के लिए एक उपयुक्त भवन या सुविधा केंद्र उपलब्ध कराया जाए। यह पहल क्षेत्र में शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। रूबी शैलेन्द्र ने कहा कि इस तरह की सुविधा से युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी। एनएमडीसी, जो किरंदुल में अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए जाना जाता है इस अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद की जा रही है। यह कदम न केवल स्थानीय समुदाय के लिए बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए भी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

तथा एक अन्य चर्चा में अध्यक्ष महोदया एवं उपाध्यक्ष महोदय ने घड़ी चौक से सीआईएसएफ चौक पोस्ट तक स्ट्रीट लाइट लगवाने प्रस्ताव रखा। जिसे सीजीएम महोदय ने गंभीरता से लिया। उक्त सभी चर्चा सार्थक एवं सहमति पूर्ण रहा। इस अवसर पर उनके साथ परिषद के उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्रा एवं के साजी, राजकुमार सोनी, यशोदा चुन्नम, लक्ष्मी ठाकुर, पार्षदगण भी मौजूद थे।

## महिला खिलाड़ियों ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, बालक व बालिका पुरुष एवं महिला छत्तीसगढ़ राज्य स्तर वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप 7 से 8 जून को टाउन हॉल जगदलपुर में आयोजित किया गया। जिसमें राज्य भर से 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और इनमें कोच नंदकिशोर साहू के नेतृत्व में जिला दंतेवाड़ा, बचेली नगर के 9 खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। जिनमें ऋषिका कश्यप स्वर्ण पदक जूनियर/सीनियर 76 केजी वर्ग में रिया दास स्वर्ण पदक जूनियर 64 केजी वर्ग, श्रुति साहू स्वर्ण पदक जूनियर 81 केजी, दीपाली सरकार स्वर्ण पदक सीनियर 81+ केजी, शिप्रा बिस्वास रजत पदक सीनियर 76 केजी वर्ग, शोभा बघेल रजत पदक सीनियर 59 केजी वर्ग में प्राप्त किया। यह हमारे दंतेवाड़ा जिला बचेली नगर और एनएमडीसी परियोजना के लिए बहुत गौरव की बात है। इस प्रतियोगिता में अक्षत साहू, राजकुमार परिदा, अंजली कर्मा ने अपना बेहतर प्रदर्शन दिया। विजेता खिलाड़ियों को मेडल और सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया। साथ ही दंतेवाड़ा जिला बचेली के महिला खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप ट्रॉफी में भी अपना कब्जा जमाया, जिसे मुख्य अतिथि बस्तर के सांसद महेश कश्यप के हाथों प्रदान किया गया। खिलाड़ियों को एनएमडीसी के मान्य वेंकेटशलारू एवं नगर पालिका के अध्यक्ष राजू जायसवाल एवं उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदनी पूर्व अध्यक्ष पूजा साव एवं इंटक के सचिव आशीष यादव एवं अध्यक्ष चंद्रा मांडवी एवं एसकेएमएस के सचिव शंकर राव एवं अध्यक्ष जागेश्वर एवं वेट लिफ्टिंग संघ बचेली के अध्यक्ष अमृत लाल यदु एवं उपाध्याक्ष भूपेन साहू, जीतेन्द्र राय, आरएल मिश्रा, आनन्द पाण्डेय, दिनेश साहू, कमलेश साहू इत्यादियों के द्वारा उपरोक्त प्रतिभागियों को बधाई एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

